

Current Affairs

+

Important Static GK

कल का सवाल

Q. 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन बनाये गए हैं?

Answer: अरविन्द पनगढ़िया

Current Affairs Revision

(16 October 2024)

Q. 1: हाल ही में 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार किसे दिया गया? Recently, who was awarded the first prize in the category of Best State for the 5th National Water Awards, 2023?

a. राजस्थान

b. उत्तर प्रदेश

c. ओडिशा

d. मध्य प्रदेश

Answer: c. ओडिशा

हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय (Ministry of Jal Shakti) के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (Department of Water Resources, River Development, and Ganga Rejuvenation) ने 5 वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 (5th National Water Awards) के लिए 09 श्रेणियों में संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की है।

इसमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल या कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल या कॉलेज के अलावा) और सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज शामिल हैं।

सर्वश्रेष्ठ राज्य (Best State) - ओडिशा

सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत (Best Village Panchayat) - पुल्लमपारा, तिरुवनंतपुरम (केरल)

सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय (Best Urban Local Body) – सूरत (Surat)

Q. 2: हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र स्टेट स्किल यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर क्या कर दिया है? Recently, the Maharashtra government has changed the name of Maharashtra State Skill University to what?

a. जेआरडी टाटा स्किल यूनिवर्सिटी

b. रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य स्किल यूनिवर्सिटी

c. जमशेदजी टाटा स्किल यूनिवर्सिटी

d. अजीम प्रेमजी स्किल यूनिवर्सिटी

Answer: b. रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य स्किल यूनिवर्सिटी

हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र स्टेट स्किल यूनिवर्सिटी का नाम बदलकर 'रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य स्किल यूनिवर्सिटी' (Ratan Tata Maharashtra State Skills University) कर दिया है

महाराष्ट्र सरकार ने दिवंगत हुए पद्म विभूषण से अलंकृत रतन टाटा के सम्मान में यूनिवर्सिटी का नाम बदला है।

Q. 3: हाल ही में भारतीय नौसेना में डायरेक्टर जनरल ऑफ मेडिकल सर्विसेज (DGMS) के पद पर किसे नियुक्त किया गया? Recently, who was appointed as the Director General of Medical Services (DGMS) in the Indian Navy?

a. राधा नायर

b. कविता सहाय

c. मनीषा मल्होत्रा

d. सोनाली वर्मा

Answer: b. कविता सहाय

हाल ही में सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय (Surgeon Vice Admiral Kavita Sahai) को भारतीय नौसेना में डायरेक्टर जनरल ऑफ मेडिकल सर्विसेज (Director General of Medical Services - DGMS) के पद पर किसे नियुक्त किया गया

वह सेना चिकित्सा कोर की कर्नल कमांडेंट के पद पर पहुंचने वाली पहली महिला अधिकारी थीं।

Q. 4: हाल ही में भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक के पद पर किसे नियुक्त किया गया? Recently, who was appointed as the Director General of the Indian Coast Guard?

a. कृष्ण कुमार

b. परमेश शिवमणि

c. अरविंद कुमार

d. राजेश सिंह

Answer: b. परमेश शिवमणि

हाल ही में परमेश शिवमणि को भारतीय तटरक्षक बल के 26वें महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया गया

Q. 5: हाल ही में भारत की रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए नए मिसाइल परीक्षण रेंज की स्थापना



कहाँ की जाएगी? Recently, where will a new missile testing range be set up to strengthen India's defence system?

a. तमिलनाडु

b. महाराष्ट्र

c. आंध्र प्रदेश

d. ओडिशा

Answer: c. आंध्र प्रदेश

हाल ही में सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (Union Cabinet Committee on Security) ने आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में एक नई मिसाइल परीक्षण रेंज (Missile Testing Range) स्थापित करने को मंजूरी दी है

इसका इस्तेमाल सतह से हवा में वार करने वाली मिसाइल प्रणाली (surface-to-air missile systems), टैंक रोधी मिसाइल (anti-tank missiles) और सामरिक मिसाइल प्रणालियों (tactical missile systems) के परीक्षण के लिए किया जाएगा।

Q. 6: हाल ही में चर्चा में रहा "टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम- थाड" का सम्बन्ध किस से है? "Terminal High Altitude Area Defense System- THAAD", which was in the news recently, is related to what?

a. उपग्रह संचार

b. मिसाइल रक्षा प्रणाली

c. समुद्री निगरानी

d. परमाणु ऊर्जा

Answer: b. मिसाइल रक्षा प्रणाली

हाल ही में अमरीका ने इजराइल को "टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस सिस्टम - थाड" (Terminal High Altitude Area Defense System- THAAD) भेजने की घोषणा की है

थाड (THAAD) - यह मिसाइल प्रणाली बैलिस्टिक मिसाइलों (Ballistic missiles) से रक्षा करने के काम आती है

Q. 7: हाल ही में, महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे कम गेंदों में अर्धशतक लगाने वाली खिलाड़ी कौन बनी है? Recently, who was the highest run-getter for India in Women's T20 World Cup?

a. स्मृति मंधाना

b. हरमनप्रीत कौर

c. मिताली राज

d. दीप्ति शर्मा

Answer: b. हरमनप्रीत कौर

हाल ही में हरमनप्रीत कौर ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में 27 गेंदो पर अर्धशतक (Half century) लगाकर महिला टी20 वर्ल्ड कप (Women's T20 World Cup) में भारत के लिए सबसे कम गेंदों में अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया

यह रिकॉर्ड पहले स्मृति मंधाना के नाम था

महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन - संयुक्त अरब अमीरात में

Q. 8: हाल ही में विश्व मानक दिवस 2024 कब मनाया गया? Recently, when was World Standards Day 2024 celebrated?

a. 10 अक्टूबर

b. 12 अक्टूबर

c. 14 अक्टूबर

d. 16 अक्टूबर

Answer: c. 14 अक्टूबर

2024 की थीम - बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टि (A shared vision for a better world)

उद्देश्य: व्यापार और उद्योग के लिए वैश्विक मानकों (Global Standards) की भूमिका को उजागर करना

Q. 9: हाल ही में एटीपी शंघाई मास्टर्स 1000 एकल खिताब किसने जीता? Recently, who won the ATP Shanghai Masters 1000 singles title?

a. नोवाक जोकोविच

b. राफेल नडाल

c. जैनिक सिनर

d. स्टेन वावरिंका

Answer: c. जैनिक सिनर

हाल ही में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी, इटली के जैनिक सिनर (Jannik Sinner) ने नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) को हराकर एटीपी शंघाई मास्टर्स 1000 एकल खिताब (ATP Shanghai Masters 1000 singles title) जीता

यह खिताब जीतने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

Q. 10: हाल ही में, एशिया एचआरडी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया? Recently, who was awarded the Asia HRD Lifetime Achievement Award 2024?

a. एन. चंद्रबाबू नायडू

b. एम. के. स्टालिन

c. अरविंद केजरीवाल

d. योगी आदित्यनाथ



Answer: b. एम. के. स्टालिन

हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन (M.K. Stalin) को मानव संसाधन प्रबंधन में उनके असाधारण योगदान के लिए एशिया मानव संसाधन विकास लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार 2024 (Asia Human Resource Development Lifetime Achievement Award 2024) से सम्मानित किया गया

Current Affairs
(17 October 2024)

Q. 1: हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को किस विश्वविद्यालय ने राजनीति विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया? Recently, which university conferred an honorary doctorate in political science on President Draupadi Murmu?

a. अल्जीयर्स विश्वविद्यालय

b. सिदी अब्देला विज्ञान और प्रौद्योगिकी पोल विश्वविद्यालय

c. कैरो विश्वविद्यालय

d. कासाब्लांका विश्वविद्यालय

Answer: b. सिदी अब्देला विज्ञान और प्रौद्योगिकी पोल विश्वविद्यालय

हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अल्जीयर्स, अल्जीरिया (Algiers, Algeria) में सिदी अब्देला विज्ञान और प्रौद्योगिकी पोल विश्वविद्यालय (Sidi Abdellah Science and Technology Pole University) द्वारा राजनीति विज्ञान की मानद डॉक्टरेट (Honorary Doctorate) की उपाधि से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों - अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर गई हैं

Q. 2: हाल ही में महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक किस किसान विशेष रेलगाड़ी का शुभारंभ किया गया? Recently, which Kisan Special train was launched from Deolali in Maharashtra to Danapur in Bihar?

a. किसान रथ

b. शेतकरी समृद्धि

c. कृषक एक्सप्रेस

d. अन्नदाता विशेष

Answer: b. शेतकरी समृद्धि

हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव (Railway Minister Ashwini Vaishnav) ने महाराष्ट्र के देवलाली से बिहार के दानापुर तक किसान विशेष रेलगाड़ी "शेतकरी समृद्धि" (Shetkari Samridhi) का शुभारंभ किया

उद्देश्य: महाराष्ट्र के किसानों की उपज को मामूली लागत पर तेजी से देश के अन्य राज्यों तक पहुंचाना

Q. 3: हाल ही में आईटीयू विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 का उद्घाटन किसने किया? Recently, who inaugurated the ITU World Telecommunication Standardization Assembly, 2024?

a. राजनाथ सिंह

b. अमित शाह

c. नितिन गडकरी

d. नरेन्द्र मोदी

Answer: d. नरेन्द्र मोदी

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union -ITU) विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 (World Telecommunication Standardization Assembly) और 8वीं इंडिया मोबाइल कांग्रेस (8th (India Mobile Congress 2024) का उद्घाटन किया

8वीं इंडिया मोबाइल कांग्रेस थीम - भविष्य अभी है (The Future is now)

अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)

स्थापना - 1865

सदस्य - 194 देश

मुख्यालय - जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड

इंडिया मोबाइल कांग्रेस:

एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच

वर्ष 2017 में पहली बार भारतीय मोबाइल कांग्रेस का आयोजन किया गया था

Q. 4: हाल ही में दिवंगत हुए अतुल परचुरे का सम्बन्ध किस से है? Recently deceased Atul Parchure is related to what?

a. लेखक

b. अभिनेता

c. क्रिकेटर

d. संगीतकार



Answer: b. अभिनेता

हाल ही में अभिनेता-हास्य अभिनेता अतुल परचुरे का निधन हो गया है।

हाल ही में उन्हें मराठी सिनेमा में योगदान के लिए मास्टर दीनानाथ मंगेश्कर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

Q. 5: स्वास्थ्य, कृषि और टिकाऊ शहरों पर केंद्रित तीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्कृष्टता केंद्र कहाँ स्थापित किये जायेंगे? Where will the three Artificial Intelligence Centers of Excellence focused on health, agriculture and sustainable cities be established?

a. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़

b. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली

c. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर

d. उपरोक्त सभी में

Answer: d. उपरोक्त सभी में

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान (Union Education Minister Dharmendra Pradhan) ने स्वास्थ्य, कृषि और टिकाऊ शहरों पर केंद्रित तीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उत्कृष्टता केंद्र (Artificial Intelligence Center of Excellence) स्थापित करने की घोषणा की।

ये उत्कृष्टता केंद्र - अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली (AIIMS, New Delhi), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ (IIT Ropar) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (IIT Kanpur) में स्थापित किये जायेंगे

AIIMS दिल्ली का केंद्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ का केंद्र कृषि के क्षेत्र में और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर का केंद्र टिकाऊ शहर के लिए काम करेगा।

Q. 6: हाल ही में बहुउद्देश्यीय पोत (एलएंडटी) परियोजना के पहले जहाज समर्थक का शुभारंभ कहाँ किया गया? Recently, where was the first ship supporter of the Multi-Purpose Vessel (L&T) Project launched?

a. मुंबई

b. कोलकाता

c. चेन्नई

d. विशाखापत्तनम

Answer: c. चेन्नई

हाल ही में भारतीय नौसेना (Indian Navy) के लिए एलएंडटी, शिपयार्ड (L&T Shipyard) द्वारा निर्मित दो बहुउद्देशीय पोत परियोजना (multi-Purpose Vessel project) के पहले जहाज "समर्थक" ('SAMARTHAK') का शुभारंभ चेन्नई में किया गया।

2022 में रक्षा मंत्रालय (Ministry of Defence) और एलएंडटी शिपयार्ड के बीच दो बहुउद्देशीय पोत बनाने के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे

Q. 7: हाल ही में विश्व छात्र दिवस 2024 कब मनाया गया? When was World Student Day 2024 celebrated recently?

a. 10 अक्टूबर

b. 12 अक्टूबर

c. 15 अक्टूबर

d. 20 अक्टूबर

Answer: c. 15 अक्टूबर

प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम (Dr. APJ Abdul Kalam) की जयंती पर विश्व छात्र दिवस (World Student's Day) मनाया जाता है

2024 की थीम - छात्रों के भविष्य के लिए समग्र शिक्षा

इसकी शुरुआत वर्ष 2010 में की गई थी।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन (Missile Man) के नाम से भी जाना जाता है

वह 2002 से 2007 तक भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे

Q. 8: हाल ही में नासा ने बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा के अध्ययन के लिए कौन सा मिशन लॉन्च किया? Recently, which mission did NASA launch to study Jupiter's moon Europa?

a. गैलीलियो मिशन

b. यूरोपा क्लिपर मिशन

c. लूपेक्स मिशन

d. बेपिकोलम्बो मिशन

Answer: b. यूरोपा क्लिपर मिशन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) ने बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा 'यूरोपा' (Europa Moon) के अध्ययन के लिए फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर (Kennedy Space Center, Florida) से 'यूरोपा क्लिपर मिशन' (Europa Clipper Mission) सफलतापूर्वक लॉन्च किया

उद्देश्य: यूरोपा की बर्फीली सतह के नीचे जीवन की संभावनाओं का पता लगाना और उसकी भूविज्ञान एवं



संरचना (geology and structure) का अध्ययन करना

यूरोपा क्लिपर' को बृहस्पति ग्रह तक पहुंचने में लगभग 5 साल और 6 महीने का समय लगेगा।

यह किसी ग्रह मिशन के लिए बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा अंतरिक्ष यान है

Q. 9: हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ कौन लेंगे? Who will take oath as the Chief Minister of Haryana recently?

a. मनोहर लाल खट्टर

b. दुष्यंत चौटाला

c. नायब सिंह सैनी

d. उमर अब्दुल्ला

Answer: c. नायब सिंह सैनी

Q. 10: हाल ही में भारत ने किस देश के राजनयिकों को निष्काषित किया? Recently, India expelled the diplomats of which country?

a. अमेरिका

b. ऑस्ट्रेलिया

c. कनाडा

d. ब्रिटेन

Answer: c. कनाडा

हाल ही में भारत-कनाडा के रिश्तों में तनाव के चलते भारत सरकार और कनाडा ने एक-दूसरे के 6-6 राजनयिक (Diplomats) निष्काषित कर दिए हैं

इसे खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या केस से जोड़कर देखा जा रहा है।

Q. 11: हाल ही में भारत का पहला हिंदी भाषा संग्रहालय कहाँ स्थापित किया जाएगा? Recently, where will India's first Hindi language museum be established?

a. दिल्ली

b. वाराणसी

c. मुम्बई

d. लुधियाना

Answer: b. वाराणसी

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भारत का पहला हिंदी भाषा साहित्य संग्रहालय (Hindi Language Literature Museum) काशी (वाराणसी) में स्थापित किया जाएगा

यह देश का पहला भाषा-आधारित संग्रहालय (Language-based museums) होगा।

इसमें प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकारों की कृतियां, प्रतिमाएं, पुरानी पांडुलिपिया, और संबंधित साहित्य आदि होगा

इस परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने 25 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

Q. 12: हाल ही में, 2024 अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ (IAF) वर्ल्ड स्पेस अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया? Recently, who was awarded the 2024 International Astronautical Federation (IAF) World Space Award?

a. एलन मस्क

b. डॉ. एस. सोमनाथ

c. कल्पना चावला

d. सुनीता विलियम्स

Answer: b. डॉ. एस. सोमनाथ

हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation - ISRO) के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ (Dr. S. Somnath) को 2024 अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ (IAF) वर्ल्ड स्पेस अवॉर्ड (International Astronautical Federation (IAF) World Space Award) से सम्मानित किया गया.

यह अवॉर्ड उन्हें चंद्रयान-3 की उल्लेखनीय सफलता के लिए दिया गया है।

2019 में ISRO को मंगलयान मिशन के लिए IAF वर्ल्ड स्पेस अवार्ड से सम्मानित किया गया था.

IAF वर्ल्ड स्पेस अवार्ड - यह व्यक्तियों या संगठनों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अन्वेषण (Space Technology and Exploration) में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है

इसकी स्थापना अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ (IAF) द्वारा की गयी थी।

आज का सवाल

Q. राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का सम्बन्ध किस जनजाति से है?

For pdf,
Join telegram Channel
rwacurrentaffairs